Seventeenth Loksabha

an>

Title: Rising Prices of Animal Feed.

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर) : सर, मैं दूसरे मुद्दे पर आना चाहता हूं । मुद्रास्फीति के कारण पूरे हिंदुस्तान में पशु आहार के दामों में बेतहाशा इज़ाफा हो रहा है । आज सुबह भी सदन के अंदर पशु के बारे में चर्चा हुई । मैं सदन को जानकारी देने के लिए कह रहा हूं कि आज पशु चारा, जिसमें 27 फीसदी बढ़ोतरी हुई, जैसे मैन्युफैक्चर ऑफ प्रिपेयर्ड ऐनिमल्स फीड्स में 7.76 परसेंट की बढ़ोतरी हुई है, गोला एंड सिमिलर कैटल फीड में 11.59 परसेंट की बढ़ोतरी हुई है, राइस ब्रान एक्सट्रैक्ट में 36.28 परसेंट की बढ़ोतरी हुई है । मेरा कहने का मतलब यह है कि जो सरकार गाय को सामने रखकर सियासत करती है, उस सरकार के जमाने में आज पशु आहार के दामों में इस तरीके से इजाफा हो रहा है । … (व्यवधान)

सर, जब मनुष्य से संपर्क होता है ।…(व्यवधान) हिन्दुस्तान दुनिया में भुखमरी की सूची में…(व्यवधान) सर, मुझे अपनी बात खत्म करने दीजिए ।…(व्यवधान) इसलिए हमारे नेता राहुल जी 'भारत जोड़ो यात्रा' में शामिल हुए है ।…(व्यवधान) उनके नेतृत्व में बेरोजगारी, महंगाई के खिलाफ, हिन्दुस्तान में हम दो - हमारे दो …(व्यवधान) यह क्या हो रहा है?